# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 26 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### उप-मण्डल अधिकारी नागरिक कॉम्प्लेक्स खोलना

***141 श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री कृपया बताएंगे कि नांगल चौधरी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में नया उप-मण्डल अधिकारी नागरिक कॉम्प्लेक्स कब तक खोले जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

### मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार के लिए

***142 श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि शिवाजी कॉलोनी मार्केट में 41 दुकानें, सुभाष रोड मार्केट में 50 दुकानें, कच्चा बेरी रोड मार्केट में 54 दुकानें, गांधी कैंप मार्केट में 12 दुकानें तथा सिविल रोड मार्केट, रोहतक में 9 दुकानों का निर्माण नगर निगम, रोहतक द्वारा किया गया है तथा किराएदार दुकानदारों ने मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत इन दुकानों के स्वामित्व के लिए आवेदन किया हुआ है तथा उक्त सभी दुकानें उक्त योजना के तहत सभी दुकानदारों को स्थानांतरित की जानी है;

(ख) यदि हां, तो इन दुकानों पर किराएदार के रूप में उनका कब्जा 25 वर्षों से भी अधिक समय होने के बावजूद भी इन दुकानों का स्वामित्व अधिकार किराएदार दुकानदारों को नहीं दिए जाने के कारण क्या हैं;
(ग) क्या यह भी तथ्य है कि अन्य विभाग की भूमि उक्त दुकानों के क्षेत्र में आती है; तथा
(घ) यदि हां, तो उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं तथा किराएदार दुकानदारों को स्वामित्व अधिकार कब तक दिए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सक तथा पैरामेडिकल स्टाफ के स्वीकृत तथा रिक्त पदों की संख्या

***143 श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि कालका विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा ग्रामीण औषधालयों में चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के अब तक स्वीकृत तथा रिक्त पदों की कुल संख्या कितनी है तथा उनका संस्थान-वार ब्यौरा क्या है?

----

## नए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों को विकसित करना

***144 चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या राज्य में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में ड्रा प्रणाली के माध्यम से आवासीय प्लांटो को आबंटित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
(ख) क्या भविष्य में राज्य में नए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों को विकसित करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
(ग) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव को वास्तविक रूप से कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; तथा
(घ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## सड़क को कारपेट करना

***145 श्री कँवर सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या महेंद्रगढ़ से अटेली तथा बवानिया से सुन्दरह तक सड़कों की कारपेटिंग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़कों की कारपेटिंग कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण करना

***146 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी में पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आवास नहीं है तथा न ही पुलिस लाइन है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए पुलिस लाइन या कॉलोनी का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए उपरोक्त आवास की समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है; तथा
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि हांसी जिले में उप पुलिस अधीक्षकों के 8 स्वीकृत पदों में से केवल 2 पद भरे हुए हैं; यदि हां, तो क्या उप पुलिस अधीक्षकों के शेष रिक्त पदों को भरने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इन पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## ड्रेन नं. 6 को ढकने तथा सौंदर्यीकरण के कार्य पूरे करना

***147 श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि ड्रेन नं. 6 जो सोनीपत शहर के बीच से गुजरती है, को ढकने तथा सौंदर्यीकरण करने के कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराना

***148 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार ने पानीपत को 50 इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है तथा जिनमें से अभी तक केवल 5 बसें उपलब्ध कराई गई हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो शेष बसों को कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## सोशल मीडिया पर सरकारी कर्मचारियों द्वारा कन्टेंट बनाने से संबधित

***149 श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या हरियाणा सरकार के सरकारी कर्मचारियों द्वारा इंस्टाग्राम, फेसबुक तथा यू-ट्यूब जैसे पोर्टलों का प्रयोग कन्टेंट बनाने में कर सकते हैं; यदि हां, तो क्या इस संबंध में सरकार द्वारा कोई मानदंड निर्धारित किए गए हैं;
(ख) क्या सरकारी कर्मचारी ड्यूटी के दौरान तथा ड्यूटी के पश्चात् सोशल मीडिया मंच का उपयोग लोगों के बीच ज्ञान तथा जागरूकता को लाने के लिए कर सकते हैं; तथा
(ग) क्या खेल कोटे के अंतर्गत नौकरी पाने वाले राज्य के खिलाड़ी युवाओं में जागरूकता लाने के लिए शारीरिक फिटनेस तथा खेल से संबंधित कंटेंट अपलोड कर सकते हैं; यदि हां, तो ऐसी विषय वस्तु से अर्जित आय की गणना किस रूप में की जाती है?

----

## महिला महाविद्यालयों को खोलना

***150 श्री इंदुराज सिंह नरवाल (बड़ौदा):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
(क) क्या यह तथ्य है कि बरोदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में वर्ष 2020 में बरोदा उपचुनाव के दौरान गांव भैंसवाल कलां तथा बरौदा में मुख्यमंत्री द्वारा महिला महाविद्यालयों को खोलने की घोषणा की गई थी;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या पग उठाए गए हैं तथा इसमें देरी के कारण क्या हैं; तथा
(ग) उपरोक्त महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## फड़ (प्लेटफार्म) का निर्माण कार्य शुरू करना

***151 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पुण्डरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव हाबड़ी में सरकार द्वारा स्वीकृत खरीद केंद्र पर फसल डालने के लिए कोई पक्का फड़ (प्लेटफार्म) नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो गांव हाबड़ी की ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित 18 एकड़ भूमि पर पक्के फड़ (प्लेटफार्म) का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलना

***152 श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या चिकित्सा शिक्षा तथा अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले में चिकित्सा महाविद्यालय खोले जा रहे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो जिला चरखी दादरी में चिकित्सा महाविद्यालय कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## गांवों को एक ही खण्ड तथा तहसील में शामिल करना

***153 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि तीन गांव अर्थात् भिंडावास, बिलोचपुर और शाहजहांपुर मातनहेल तहसील के अंतर्गत आते हैं तथा इनका खण्ड झज्जर है, जिसके कारण इन गांवों के लोगों को अपनी तहसील संबंधी कार्यों के लिए मातनहेल जाना पड़ता है तथा अपने सत्यापन कार्यों के लिए खण्ड झज्जर में जाना पड़ता है जो विपरीत दिशाओं में स्थित है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त गांवों को खण्ड तथा तहसील, झज्जर में शामिल करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्टेडियमों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

***154 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) सरकार द्वारा स्वामी दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम, झज्जर की बुरी अवस्था को कब तक सुधारे जाने की संभावना है;
ख) उपरोक्त स्टेडियम के जीर्ण-शीर्ण बॉक्सिंग हॉल का रखरखाव सरकार द्वारा कब तक किए जाने की संभावना है;
ग) उपरोक्त स्टेडियम में उपकरण, ट्रैक, शौचालयों, पेयजल की मूलभूत सुविधाएं व अन्य सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है; तथा
घ) झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न गांवों अर्थात् बिरधाना, बहु, मातनहेल, कबलाना, कोयलपुर, सरसौली, खेड़ी होशदारपुर व जमालपुर में स्थित स्टेडियमों में सरकार द्वारा मूलभूत अवसरंचना/ सुविधाएं कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## अस्पताल के भवन का पुनः निर्माण करना

***155 श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
क) क्या यह तथ्य है कि सामान्य अस्पताल, महम का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; तथा
ख) यदि हां, तो क्या सरकार के पास उक्त भवन के पुनर्निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शहीद स्मारक का निर्माण करना

***156 श्री ओम प्रकाश यादव (नारनौल):**

क्या सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या नारनौल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव नसीबपुर में 1857 की क्रांति के शहीदों की याद में शहीद स्मारक का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त स्मारक का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## एक महीने में दो सप्ताह के लिए सिंचाई जल की आपूर्ति करना

*157 **श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-
क) नलवा तथा आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले गांवों के लिए नहरों में स्थाई आधार पर पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं;
ख) उक्त क्षेत्र के किसानों को स्थाई आधार पर महीने में दो सप्ताह के लिए जल कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है; तथा
ग) नलवा तथा आदमपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले कच्चे खालों को पक्का करने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है?

----

## आंगनबाड़ी हेल्पर तथा वर्कर के रिक्त पदों को भरना

*158 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला करनाल में आंगनबाड़ी हेल्पर तथा वर्कर के रिक्त पदों का खण्ड-वार ब्यौरा क्या है तथा इन पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है?

----

## एक ट्रॉमा सेंटर खोलना

*159 **श्री देवेंन्द्र कादियान (गन्नौर):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि :-
क) क्या गन्नौर में जी.टी रोड पर एक ट्रॉमा सेंटर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त प्रस्ताव पर कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करना

***160 श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या होडल शहर व इसके आसपास के गांवों में रैनीवेल योजना के तहत यमुना नदी से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----